# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

महिला विश्व कप विजेता खिलाडियों ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। इस अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को टीम की जर्सी भेंट की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कल लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर महिला विश्व कप विजेता खिलाडियों की मेजबानी की। श्री मोदी ने महिला क्रिकेट टीम को उनकी जीत पर बधाई दी और टूर्नामेंट में उनकी शानदार वापसी की सराहना की।

**आप लोगों ने बहुत बड़ा काम किया है और भारत में क्रिकेट एक खेल नहीं है। एक प्रकार से भारत के लोगों की जिंदगी बन गया है, क्रिकेट में अच्छा होता है, तो भारत अच्छा फील करता है और क्रिकेट में थोड़ा सा भी इधर होगा तो पूरा भारत हिल जाता है।**

भारत की कप्तान हरमनप्रीत कोर ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम इस बार ट्रॉफी के साथ आए है।

**मुझे अभी भी याद है कि जब हम दो हजार सत्रह में आपको मिले थे उस टाइम हम ट्रॉफी के साथ नहीं आए थे लेकिन यह हमारे लिए बहुत ओनर की बात है कि इस बार हम आपको जिसके लिए हम इतने सालों से मेहनत कर रहे हैं वह ट्रॉफी यहां पर लेकर आ पाए और आपने आज हमारी खुशी को दोगुना और ज्यादा बढ़ा दी है और हमारे लिए बहुत ओनर की बात है।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवंबर की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। अगले दिन यानी आठ नवंबर को वह बनारस स्टेशन से वाराणसी–खजुराहो वंदेभारत एक्सप्रेस समेत चार सेमी हाईस्पीड ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री प्लेटफार्म नंबर आठ पर बने मंच से जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने पुख्ता तैयारियां कर ली हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भी भव्य स्वागत की तैयारी की है। पार्टी विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री का फूल मालाओं से अभिवादन करेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन आज काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन किया। मुख्यमंत्री मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम भी पहुंचे। वहां उन्होंने संतों से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। श्री योगी ने वाराणसी में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले आज मंडुआडीह रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों को भी देखा।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड ने वर्ष दो हजार छब्बीस में होने वाली दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं की समय सारणी जारी कर दी। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों परीक्षाएं एक साथ अठारह फरवरी से शुरू होंगी और एक ही साथ बारह मार्च को समाप्त हो जाएंगी। हमारे प्रयागराज प्रतिनिधि ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं दो शिफ्टों में होंगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर पौने बारह बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक होगी।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार की कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, बाइस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारो ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में करो में उल्लेखनीय कमी करके नागरिकों को राहत प्रदान की है। 3500 सीसी तक की इंजन क्षमता वाली बाइकों पर जीएसटी को 28ः से घटाकर 18ः कर दिया गया है। वहीं, 1200 सीसी से अधिक क्षमता वाली पेट्रोल इंजन कारों और 1500 सीसी से अधिक की इंजन क्षमता वाली डीजल कारों पर टैक्स अब 18ः लगता है। इससे किफायती श्रेणी की गाड़ियां सस्ती हो गई है और घरेलू उपभोग को भी बढ़ावा मिला है। इसके अतिरिक्त बड़ी कारों पर अब बिना किसी उपकर के 40ः कर लगता है। मोटर कारों और मोटर बाइकों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कल–पुर्जों पर भी टैक्स घटाकर 18ः कर दिया गया है। दरों को युक्तिसंगत बनाने से बिक्री बढ़ाने में मदद हुई है जिससे किसानों, छोटे व्यापारियों और दिहाड़ी मजदूरों को सीधा लाभ मिला है। यह सुधार घरेलू मांग और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा दे रहे हैं जिससे भारत के भारी उद्योगों में सतत और तकनीक संचालित विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है विसु जायसवाल के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत स्टार्टअप एक्सेलेरेटर वेव–एक्स ने गोवा में बीस से अट्ठाइस नवम्बर तक आयोजित छप्पनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी में स्टार्टअप्स को वेव्स बाजार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। मंत्रालय ने बताया कि वेव–एक्स बूथों के लिए बुकिंग शुरू कर दी गई है।

**********